# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (09.02.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 09.02.2025, PAGE-06**

# पीजी की पहली मेरिट लिस्ट जारी, 10882 का चयन

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि ने पीजी में नामांकन को लेकर पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। इसमें 10882 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस बार विषयवार छात्र-छात्राओं की चयनित सूची जारी की गई है। सभी विषय में कोटिवार भी अलग-अलग सूची निकाली गई है।

10 फरवरी से इस मेरिट लिस्ट के आधार पर छात्र-छात्राएं संबंधित कॉलेज और विभाग में नामांकन करा सकती हैं। कॉमर्स और इतिहास में सबसे अधिक छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। कॉमर्स में 1291, इतिहास में 1209 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

## विषयवार चयनित विद्यार्थियों की संख्या

पहली लिस्ट में विषयवार चयनित छात्र-छात्राओं की संख्या जारी हुई है। इसमें बांग्ला में 12, भोजपुरी में 19, बोटनी में 305, केमेस्ट्री में 363, इकोनॉमिक्स में 738, इलेक्ट्रॉनिक्स में 30, अंग्रेजी में 635, भूगोल में 920, हिंदी में 897, होम साइंस में 408, मैथिली में 48, गणित में 662, म्यूजिक में 142, परसियन में 6, फिलॉसफी में 89, फिजिक्स में 486, पॉलिटकल साइंस में 855, साइकोलॉजी में 855, संस्कृत में 59, सोशलॉजी में 169, उर्दू में 148, जूलॉजी में 508 विद्यार्थी हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:09.02.2025, PAGE-06

# 'शिवदास पांडेय का व्यक्तित्व प्रगतिशील'

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। साहित्य-संस्कृति में मुजफ्फरपुर देश के स्तर पर जाना पहचाना शहर है। यहां आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री, रामवृक्ष बेनीपुरी, रामधारी सिंह दिनकर और शिवदास पांडेय जैसे विद्वान कवि व रचनाकार हुए। इस श्रृंखला में और भी लोग हैं जिनसे यह शहर दूर-दूर तक पहचान बनाने में निरंतर गतिशील है।

ये बातें शनिवार को हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत के विद्वान लोकप्रिय कवि उपन्यासकार स्मृतिशेष डॉ. शिवदास पांडेय के जयंती समारोह में विवि के वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कही। कहा कि शिवदास पांडेय का रचनात्मक व्यक्तित्व व सामाजिक सरोकार उन्नत और प्रगतिशील था। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के सभागार में हुए कार्यक्रम में शिवदास पांडेय के जीवन और सृजन पर केंद्रित पुस्तक 'सप्तराग' का



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में हुए पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में शामिल वीसी व अन्य।

लोकार्पण किया गया। डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष विवि ने कहा कि डॉ. पांडेय अग्निधर्मा कवि व कथाकार थे। सहज भावधारा में दुर्लभ विषयों को अपनी रचना का विषय बनाना। उसमें अपनी मौलिकता बरकरार रखना उनकी विशेषता थी। डॉ. महेंद्र मधुकर ने कहा कि वह एक कुशल प्रशासक और स्वर प्रतिभा संपन्न रचनाकार थे। अनिल सुलभ ने कहा कि शिवदास पांडेय का व्यक्तित्व पानी की तरह पारदर्शी और आग की तरह चिंतनशील था। कवि डॉ. संजय पंकज ने कहा कि उनके साथ होने का मतलब था दुनियादारी भूल उनके पास बैठे रहना। मौके पर शिवदास पांडेय की पुत्री वंदना विजयलक्ष्मी, बीके रानी दीदी, एचएल गुप्ता, देवव्रत अकेला आदि थे।

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 09.02.2025, PAGE-04

# प्लास्टिक में मिलने वाला फ्थेलेट्स हानिकारक

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलाजी विभाग में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन शनिवार को तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान कई वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। बीएचयू के डा. समीर गुप्ता ने कहा कि फ्थेलेट्स नामक रसायन प्लास्टिक, पर्सनल केयर उत्पाद और निर्माण सामग्री में पाया जाता है। उन्होंने शोधार्थियों को बताया कि गर्भावस्था के दौरान डाइ (2-एथिलहेक्सिल) के संपर्क में आने से संतान के यौन विकास और प्रजनन क्षमता पर प्रभाव पड़ सकता है। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से पहुंचीं डा. तनुजा ने कहा कि कुछ सूक्ष्मजीव विषाणु (जेनोबायोटिक) को तोड़कर खुद के लिए ऊर्जा प्राप्त करते हैं। आधुनिक तकनीकों की मदद से इन

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलाजी विभाग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन वक्ताओं ने रखे विचार**

सूक्ष्मजीवों और उनके अपघटन तंत्र को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। यह विधि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक है। केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार गया के डा. मनोज पांचाल ने सिग्नल रिकग्निशन कण (एसआरपी) की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार के प्रो.रामकुमार, बीएचयू के डा. अर्णब बनर्जी और डा. अमरेश कुमार ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में साइंस के डीन डा. शिवानंद सिंह, जूलाजी विभाग की डा. ममता कुमारी समेत सभी शिक्षक, शोधार्थी थे।

## विभिन्न योजनाओं पर कुलपति के साथ बैठक करेंगे शिक्षा मंत्री

मुजफ्फरपुर: बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के तहत रूसा और पीएम-ऊषा की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा मंत्री राज्य के सभी कुलपति के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक करेंगे। विश्वविद्यालयों को योजनाओं की समीक्षा और प्रगति की जानकारी देनी होगी। शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेजा है। कहा गया है कि बैठक में अपार आइडी, डिजिलाकर के कार्यान्वयन, क्रिस्प (द कांसोरटियम फार रिसर्च एंड इनोवेशन इन स्कूल पेडगाजी) का क्रियान्वयन, आडिट कार्य, नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम का स्टेटस, पे राल मैनेजमेंट, वेतन व गैर वेतन मद के 2018 के पूर्व के बैंक अकाउंट से संबंधित राशि की भी समीक्षा होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 09.02.2025, PAGE-04

# सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों को सेवांत लाभ



सेवानिवृत्त शिक्षक कर्मियों को सेवांत लाभ देते कुलपति प्रो. डीसी राय व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले दिनों सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों को शनिवार को पीपीओ और सेवांत लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डीसी राय की उपस्थिति में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को माला पहनाकर उनके सुखद जीवन की कामना की गई। पिछले दिनों रिटायर होने वालों में पूर्व पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. अनिल कुमार ओझा, डा. जफर इमाम, दिलीप कुमार सिंह, प्रो. गोपाल, रवि भूषण ठाकुर, अशोक कुमार ठाकुर, मिथिलेश झा, जय नारायण प्रसाद, दिनेश प्रसाद शामिल हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARUPR, DATE:09.02.2025, PAGE-04

# कल से 20 फरवरी तक भरे जाएंगे थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म 10 से 20 फरवरी तक भरा जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक ने शनिवार को सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किया है। इस आधार पर सभी कालेजों में परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू कराई जानी है। विश्वविद्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि इस अवधि में बगैर विलंब शुल्क के ही परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 2023-2027 के लिए प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर 28 क्रेडिट हासिल करना अनिवार्य होगा। इसके बगैर परीक्षा फार्म अवैध माना जाएगा। ऐसे में कालेजों के लिए यह जरूरी होगा कि वे ऐसे छात्र-छात्राओं का परीक्षा फार्म नहीं भराएंगे जिन्हें चार वर्षीय स्नातक के प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर 28 क्रेडिट से कम प्राप्त हुए हैं। विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म भरने की जो अवधि निर्धारित की है उसमें शुरुआती दिनों में इंटर परीक्षा और फिर मैट्रिक परीक्षा के कारण कालेजों में पहुंचने में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:09.02.2025, PAGE-04

# मिड टर्म परीक्षा की तिथि घोषित, केंद्रों पर धारा-144 हुई लागू

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

- शहरी क्षेत्र के सभी कॉलेजों में इंटर परीक्षा को बनाया गया है केंद्र

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक तृतीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा की तिथि जारी की गयी है. कहा गया है कि 12 फरवरी तक सभी कॉलेजों में मिड टर्म परीक्षा होगी. जबकि, पूर्व से ही बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से लगभग सभी कॉलेजों में इंटर की परीक्षा चल रही है. इस कारण केंद्रों पर धारा-144 लागू है. इस परीक्षा से इतर किसी भी परीक्षार्थी के प्रवेश पर रोक है. ऐसे में छात्र-छात्राएं दुविधा में हैं.

कॉलेज भी निर्णय नहीं ले पा रहा है. कई कॉलेजों की ओर से विवि को इसकी जानकारी दी गयी है. विश्वविद्यालय को जानकारी मिली कि कई कॉलेजों ने बिना जानकारी दिए ही



मिड टर्म परीक्षा आयोजित करा लिया. प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर न्यूनतम 28 क्रेडिट मिलने वाले स्टूडेंट्स ही मिड टर्म परीक्षा दे सकेंगे. कॉलेजों ने इसका पालन भी नहीं किया है. इस कारण छात्र-छात्राओं का रिजल्ट भी फंस सकता है. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षा कॉलेजों में ही होनी है.

## विवि : पीजी की पहली मेधा सूची, कल से विभागों और कॉलेजों में दाखिला

- हाइ कटऑफ से 55 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स का नाम मेरिट लिस्ट में नहीं

**मुजफ्फरपुर** . बीआरएबीयू ने पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी है.10 से 20 फरवरी तक चयनित स्टूडेंट्स को आवंटित संस्थान में दाखिला लेना है. हाइ कटऑफ से आवेदन करने वालों में से 55 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों का नाम पहली सूची में नहीं आ सका है. शुक्रवार को कोटिवार कटऑफ जारी किया गया था, जबकि अगले दिन उस कटऑफ के तहत आने वाले स्टूडेंट्स की सूची जारी की है. विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही संबंधित विभागों व कॉलेजों को भी यह सूची भेज दी गयी है. सभी पीजी विभागाध्यक्षों व प्राचार्यों को कहा गया है कि मेधा सूची आवेदन में दिये गये ब्योरे के आधार पर जारी की गयी है. इसमें स्नातक के अंकों को आधार बनाया गया है. ऐसे में नामांकन के समय गहनता से आवेदन से प्रमाणपत्रों का मिलान कर लें. यदि आवेदन में दर्ज ब्योरे से प्रमाणपत्र भिन्न पाया जाता है तो अभ्यर्थी का नामांकन नहीं लेना है. इसके साथ ही अभ्यर्थियों को भी कहा गया है कि वे आवंटित कॉलेजों में ससमय दाखिला लें. यदि वे नामांकन नहीं लेते हैं तो दूसरी सूची में उनका दावा मान्य नहीं होगा.

## तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म 10 से भरें

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2023-27 के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है. 10 से 20 फरवरी तक कॉलेजों में फॉर्म भरा जाएगा. इसको लेकर भी स्टूडेंट्स परेशान हैं. जब कॉलेजों में प्रवेश पर ही रोक है तो फॉर्म भरने स्टूडेंट्स कैसे जाएंगे. इंटर के बाद मैट्रिक की परीक्षा के लिए भी कॉलेजों में केंद्र बनाया गया है. इसके संबंध में निर्देश भी दिये जा चुके हैं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:09.02.2025, PAGE-04**

## बीआरएबीयू के पीजी जूलॉजी विभाग में तीन दिवसीय सेमिनार का समापन

# बैक्टीरिया व फंगस में भी है एंजाइम

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के पीजी जूलॉजी विभाग में चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन अलग-अलग तकनीकी सत्रों में व्याख्यान हुआ. विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये हुए विशेषज्ञों ने विषय वस्तु पर तकनीकी जानकारी दी. जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से पहुंचीं डॉ तनुजा ने विषाणु अपघटन : एक पर्यावरण अनुकूल दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान दिया. कहा कि कुछ सूक्ष्मजीव विषाणु (जेनोबायोटिक) को तोड़कर खुद के लिए ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं. बैक्टीरिया और फंगस जैसे सूक्ष्मजीवों में विशेष जीन और एंजाइम होते हैं, जो विषैले रसायनों को कम हानिकारक या पूरी तरह से नष्ट कर सकते हैं. आधुनिक तकनीकों की मदद से इन सूक्ष्मजीवों और उनके अपघटन तंत्र को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है. यह विधि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायक है. केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार गया के डॉ मनोज पांचाल ने सिग्नल रिकग्निशन कण (एसआरपी) की विस्तृत जानकारी दी. यूएसए के यूनिवर्सिटी ऑफ लोवा के कार्वर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रो जितेंद्र ने कहा कि समॉयलेशन एक पोस्ट-ट्रांसलेशनल मॉडिफिकेशन है जो शरीर की विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है. अधिक समॉयलेशन, विशेष रूप से रक्त वाहिकाओं के लिए हानिकारक होता है. कहा कि इस अध्ययन में पाया गया कि सूमो-2, प्रोटीन को संशोधित करता है. केंद्रीय विवि साउथ बिहार के प्रो रामकुमार, बीएचयू के डॉ अर्णब बनर्जी व डॉ अमरेश कुमार ने व्याख्यान दिया. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शोधार्थियों ने पोस्टर प्रजेंटेशन दिया. उनके पोस्टर का अतिथियों से अवलोकन किया. रविवार को सेमिनार का समापन होगा.



विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में प्रदर्शनी देखते अतिथि.

### प्रजनन संबंधी हो सकती हैं समस्याएं

बीएचयू के डॉ समीर गुप्ता ने कहा कि फ्थेलेट्स एक प्रकार के रसायन है जो प्लास्टिक, पर्सनल केयर उत्पाद और निर्माण सामग्री में पाए जाते हैं. गर्भावस्था में डाइ-(2-एथिलहेक्सिल) के संपर्क में आने से संतान के यौन विकास व प्रजनन क्षमता पर असर पड़ता है. डाइ(2-एथिलहेक्सिल)फथलेट पुरुषों में फॉलिकल-स्टिम्युलेटिंग हॉर्मोन को बढ़ाता है.